RAF SECTOR

NEWS CLIP

11/03/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Meerut,UP.)

शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए आरएएफ अधिकारी व कार्मिक और उनके परिजन • जागरण

कैंडल मार्च निकाल आरएएफ ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

जासं, मेरठ : पुलवामा हमले में शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों की रैपिड एक्शन फोर्स (108 बटालियन) ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी।

कमांडेंट शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में जवानों व उनके परिवारों ने बटालियन परिसर से कैंडल मार्च प्रारंभ किया, जो विभिन्न मार्गों से होकर परिसर में ही संपन्न हुआ। इस मौके पर कमांडेंट ने सीआरपीएफ की शौर्य गाथा बताई। कैंडल मार्च में स्थानीय लोगों के अलावा मांडवी सेवा समिति के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर कमांडेंट रामेश्वर यादव, उप कमांडेंट अमर वीर सिंह व रेपो प्रभारी शिल्पा कुमार समेत तमाम अधिकारी, कार्मिक और उनके परिवार के सदस्य शामिल हुए।

पुरुषों से कम नहीं है नारी शक्ति : बीना

इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। सीआरपीएफ वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन (कावा) अध्यक्षा बीना यादव ने सभी महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति अब किसी से कम नहीं है। इस अवसर पर बल के ऐसे कार्मिक जिनका विभिन्न कारणों से निधन हुआ उनके परिजनों को वाहिनी मुख्यालय बुलाया गया। उनकी समस्या व सुझाव सुने गए। बल चालक हवलदार स्व. अजय कुमार की पत्नी सुनीता ने एमआइटी कॉलेज में निश्शुल्क चलाए जा रहे फैशन डिजाइनर कोर्स करने की इच्छा जताई। उनकी इच्छा का स्वागत किया गया।

2019-3-10

Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD.)

नरवा : 250 बच्चों को मिली पोलियो की खुराक

नरवा. सुंदरनगर रैफ 106 वाहिनी के यूनिट चिकित्सालय में रविवार को पल्स पोलियो प्रोग्राम चलाया गया. मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमुल्या कुजूर ने 250 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलायी. श्रीमती कुजूर ने बच्चों की माताओं को बच्चों की सुरक्षा के लिए परामर्श भी दिया.

Photos of Pulse Polio Vaccination Programme Organised By RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।